# सांदीपनि विद्यालय में बस संचालन का मामला, विधायक चौरे बोले– विधानसभा में उठाऊंगा मुद्दा



**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 13 जुलाई,** शासकीय सांदीपनि विद्यालय को नगर से लगभग 2 किमी दूर नवीन भवन में स्थानांतरित किए जाने के बाद से छात्रों के आवागमन की समस्या गहरा गई है। बस सेवा को लेकर पालकों में उपजे भारी रोष के बाद सोमवार को स्कूल परिसर में एक आवश्यक पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पालकों ने बस संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए और मनमाने किराए व अव्यवस्थाओं को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

आर्थिक बोझ और सुरक्षा राम भरोसे: पालकों का कहना है कि स्कूल दूर होने और शासन की ओर से परिवहन की कोई व्यवस्था न होने के कारण उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। पालकों ने आरोप लगाया कि बस संचालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं और बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को ठूस-ठूस कर भरा जा रहा है। कई बसें कंडम स्थिति में हैं, जिससे मासूमों की सुरक्षा दांव पर लगी है।

## विधानसभा में गूंजेगा मामला : विधायक विजय चौरे

*बैठक में विशेष रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने पालकों की मांग का समर्थन करते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, सरकार ने घोषणा की थी कि सांदीपनि विद्यालय के छात्रों के लिए निशुल्क परिवहन की व्यवस्था होगी। स्कूल तो शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन बस सेवा शुरू नहीं की गई। मैंने इस समस्या को पूर्व में भी विधानसभा सत्र में उठाया था और आगामी सत्र में फिर से इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाऊंगा। विधायक ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वे पालकों की इस लड़ाई में साथ हैं। यदि आगामी तीन माह के भीतर प्रशासन द्वारा छात्रों के लिए निशुल्क बस सुविधा शुरू नहीं की गई, तो वे पालकों के साथ सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।*

## हमारा कोई लेना-देना नहीं: स्कूल प्रबंधन

दूसरी ओर, इस पूरे मामले से स्कूल प्रबंधन ने साफ तौर पर पल्ला झाड़ लिया है। बैठक में मौजूद प्राचार्या श्रीमती शैलजा बत्रा ने कहा कि प्रवेश के समय ही पालकों को स्पष्ट कर दिया गया था कि बस संचालन की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की नहीं बल्कि पालकों की स्वयं की होगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने पूर्व में बस संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया आयोजित की थी, लेकिन किसी भी एजेंसी ने टेंडर नहीं भरा।

## बैठक में ये रहे मौजूद

महत्वपूर्ण बैठक में विधायक विजय चौरे, प्राचार्या श्रीमती शैलजा बत्रा, उपप्राचार्य संजय गवनेकर, पीटीए अध्यक्ष श्रीमती रिंटू खान सहित बड़ी संख्या में आक्रोशित पालक व शिक्षक उपस्थित थे।

## खरीफ सीजन: 75 फीसदी बुआई, जुलाई अंत तक शत-प्रतिशत का अनुमान

**बैतूल, 13 जुलाई.** मानूसन के सक्रिय होने के बाद खरीफ फसलों की बोवनी ने रफ्तार पकड़ ली है। कृषि विभाग के अनुसार जिले के 75 फीसदी क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुआई हो चुकी है। उम्मीद है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह तक फसलों की बुआई का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो जायेगा। इस वर्ष कृषि विभाग ने खरीफ फसल के लिए जो रकबा तय किया है, उसमें 540 हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की है। पिछले साल जिले में खरीफ फसल का कुल रकबा 4 लाख 55 हजार 510 हेक्टेयर तय किया था, जो इस साल बढ़ाकर 4 लाख 56 हजार 050 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों की माने तो इस साल बुआई कार्य में देरी का मुख्य कारण मानसून है। मानसून समय पर नहीं आने से फसलों की बुआई में देरी हुई है।

# पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों ने पौधे लगाते हुए इनकी सुरक्षा का लिया संकल्प



**नवभारत न्यूज, बड़चिचोली,13 जुलाई,** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बीते दिवस बड चिचोली पुलिस चौकी परिसर में चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय के नेतृत्व में अधीनस्थ पुलिस अधिकारी ,कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपण कर इनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया,वहीं इन पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों ने ग्राम को हरा भरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहें एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रभावित होकर बड़चिचोली पुलिस द्वारा चौकी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए,इस अवसर पर चौकी प्रभारी ओम प्रकाश मालवीय,प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र उइके,आरक्षक ओमवीर जाट,पंकज शर्मा,अशोक धुर्वे,रोहित तितले,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इन सभी ने इस पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेंने के साथ ही ग्रामीणों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है।

# पेंशनर्स संघ ने कृषि मंडी परिसर में किया पौधारोपण



**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 13 जूलाई–** पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन सौसर एवं कृषि उपज मंडी कर्मचारी के संयुक्त तत्वावधान में मंडी परिसर में एक पेड मॉं के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। वृक्षमित्र अरूण ढाकरे के सौजन्य से प्राप्त आम एवं इमली के पौधे रोपित किये है। अवसर पर मंडी सचिव हरिदास इरपाची, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष दशरथ ढाकरे, मानिकराव घोडे, सुनील जैन, दशरथ कोठे, रमेश गोधे, मधु राव, कृष्णा वानखेडे, मोरेश्वर केचे, मदन चावके, युवराज हिंगवे, अषोक ढाकरे, निलीमा गाडगे, माया ढाकरे, राजकुमार वरकडे, हेमराज बटटी, पंढरी परतेती, उत्तम सिह मेहदुलिया, सुनील गोखे, अतिन नागोत्रा उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने इस वर्ष लगाये जानेवाले पौधो के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

## बानाबाकोडा के गौरव युवराज मर्सकोले बने मुख्य नपा अधिकारी

**नवभारत न्यूज पिपलानारायणवार 13 जूलाई–** ग्राम बानाबाकोडा के गौरव युवराज मर्सकोले को शासन द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी के प्रतिष्ठित राजपत्रित पद पर पदोन्नत किये जाने से ग्रामवासियों में हर्ष का वातावरण है। श्री मर्सकोले की यह उपलब्धि उनके वर्षो के अथक परिश्रम, ईमानदार सेवा, कर्तव्यनिष्ठा, प्रशासनिक दक्षता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होने अपने दायित्वों का निर्वहन सदैव पारदर्शिता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ करते हुये आमजन का विष्वास एवं सम्मान अर्जित किया है। उनकी कर्मठ कार्यशैली, सकारात्मक सोच और कुशल पशासनिक क्षमता ने उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी तक पहुचाया है। जो पूरे ग्राम बानाबाकोडा एवं क्षेत्र के लिये गौरव का विषय है। क्षेत्रवासियों ने विष्वास व्यक्त किया कि, श्री मर्सकोले के नेतृत्व में नगर पालिका पांढुर्णा, विकास, स्वच्छता, सुशासन, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनकल्याण के क्षेत्र में नई उंचाईयां हासिल करेगी।

# गायत्री शक्तिपीठ में आत्मीयता विस्तार संगोष्ठी, अग्रज सम्मान समारोह



**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 13 जूलाई–** शहर के गायत्री शक्तिपीठ में आत्मीयता विस्तार संगोष्ठी एवं अग्रज सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। अवसर पर युवा प्रकोष्ठ प्रभारी अटल खुर्वे ने अग्रजों एवं युवाओं को जन्म शताब्दी अनुयाज संकल्प पत्र के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान करते हुये युवाओं को गायत्री परिवार के विचारो, संस्कारों एवं सेवा कार्यो से जुडने का आव्हान किया। साधना आंदोलन प्रभारी नरेन्द्र हिंगवे ने साधना, मंडलो के गठन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये चलाये जा रहे वृक्षारोपण अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि, आध्यात्मिक साधना के साथ समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण भी प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे एवं सह प्रबंध ट्रस्टी चित्रसेन रबडे, वरिष्ठ कार्यकर्ता उमाजी चिपडे ने सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनषताब्दी अनुयाज संकल्प पत्र के अंतर्गत युवाओं के मार्गदर्शन हेतू आगामी समय में विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय युवा चेतना शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी सदस्यो ने साधना, सेवा, संस्कार एवं समाज निर्माण के कार्यो को आगे बढाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सौसर क्षेत्र के बडी संख्या में भाई बहनों ने सहभागिता की।

## पदोन्नत हुए अधिकारियों का नगराध्यक्ष ने किया स्वागत




**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 13 जूलाई–** नगर पालिका परिषद सौसर में कार्यरत तीन अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं एवं वरिष्ठता के आधार पर षासन द्वारा पदोन्नति प्रदान की है। पदोन्नति के उपरांत अधिकारियों ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद्र डागा की प्रमुख उपस्थिति में नवीन पदभागर ग्रहण किया। नगरी प्रषासन एवं विकास विभाग के आदेष के तहत नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवार को पदोन्नति मिली है। वही उपयंत्री अरूण कुमार कोल्हे को सहायक यंत्री के पद पद तथा उप राजस्व निरीक्षक राजू वाडेकर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। अवसर पद नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा डागा भाजपा नेता इंदरचंद्र डागा ने तीन अधिकारियों को शुभकामनाये दी। अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलटी,चार घायल,एक नागपुर रेफर



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,13जुलाई,** तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ग्राम मोरडोंगरी के पास सडक़ किनारे खेत में जाकर पलटी जिससे इसमें सवार चार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए,जिन्हें जन सहयोग से नगर मुख्यालय के स्वास्थ्य केंद्र लाया इनमें से एक युवक की हालत अधिक गंभीर होने पर इसे नागपुर रेफर किया गया,वहीं अन्य दो युवकों को यहां के चिकित्सालय में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

नगर के शासकीय चिकित्सालय से मिली जानकारी अनुसार जिले सौसर के जामसावली स्थित प्रसिध्द हनुमान मंदिर से दर्शन कर वापस पांढुरना लौटते समय ग्राम मोरडोंगरी के पास इनकी तेज रफ्तार कार मुख्य सडक़ से अनियंत्रित होकर खेत में जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई,जिससे इसमें सवार चार युवक गंभीर रूप से घालय होने पर जन सहयोग से इन्हें नगर जिला मुख्यालय के स्वास्थ्य केंद्र लाया इनमें से बादल के सर पर गंभीर चोट होने पर प्राथमिक उपचार के बाद इसे नागपुर रेफर किया गया । वहीं अजय पिता राजेंद्र गाडरे निवासी जवाहर वार्ड ग्यारह खोली,सक्षम पिता निलेश शैलकर मेघनाथ वार्ड तथा चितराज पिता मारोती गजभिए जवाहर वार्ड ग्यारह खोली घायल हुए इन्हें नगर जिला मुख्यालय के चिकित्सालय में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में छात्राओं ने जाने अपने अधिकार




**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 13 जूलाई–** शासकीय कन्या उमा विद्यालय में तहसील विधिक सेवा समिति, जिला एवं सत्र न्यायालय सौसर के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायाधीष सुश्री प्रगति असाटी ने छात्राओं एवं शिक्षकीय स्टॉफ को कानून, अधिकारों एवं कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। सुश्री असाटी ने छात्राओं को शिक्षा एवं पैतृक संपत्ति में अधिकार, दहेज निषेध कानून, बाल संरक्षण कानून, पॉक्सों एक्ट, सूचना का अधिकार सहित महिलाओं एवं बच्चों से जुडे विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। छात्राओं को भारतीय न्यायिक सेवा, यूपीएसपी एवं राज्य लोक सेवा आयोग सहित विभिन्न क्षेत्रो में कैरियर निर्माण की संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया।

# पांढुरना जिले की 72863 की महिलाओं के बैंक खाते में जमा हुई 10,92,94,500 की राशि

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,13 जुलाई,** प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी लाडली बहना योजना की 38 वी किस्त के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा रविवार की शाम को प्रदेश के भिंड जिले के लहार में आयोजित समारोह में प्रदेश की अन्य महिलाओं की तरह ही पांढुरना जिले की कुल 72 863 महिलाओं के बैंक खातों में 109294500 की राशि जमा कराई गई,मोबाइल पर इस संदेश के मिलते ही इन महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी।



गौरतलब हो कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए चलाई जा रहीं लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह 1500 रूपए की राशि जमा कराई जाती है,प्रतिमाह की तरह ही इस जुलाई माह की यह किस्त जमा कराने के लिए इस बार प्रदेश के भिंड जिले के लहार में रविवार की शाम को आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉं.मोहन यादव द्वारा एक क्लिक कर प्रदेश की अन्य महिलाओं की तरह ही पांढुरना जिले की इस योजना की पात्र फुल 72863 महिलाओं के बैंक खाते में 109294500 की राशि जमा कराई गई।

विभागीय सूत्रों की माने तो पांढुरना जिले के पांढुरना जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामों की कुल 30255 महिलाओं के खाते में 45382500,पांढुरना नगर पालिका के 8273 के बैंक खातों में 12409500,जनपद पंचायत सौंसर की 24767 के बैंक खाते में 37150500,सौंसर नगर पालिका के 4260 के बैंक खाते में 6390000,पीपला नारायण वार नगर परिषद के 1661 के खाते में 2491500,नगर परिषद लोधीखेड़ा 1759 के खाते में 2638500 एवं मोहगांव नगर परिषद की 1888 महिलाओं के बैंक खाते में 2832000 की राशि जमा होने की रविवार की शाम को ही संदेश मिल गए ।

## संदेश मिलते ही महिलाओं के चेहरे पर दिखी मुस्कान

इन सभी महिलाओं के बैंक खाते में लाडली बहना योजना की राशि जमा होने के इनके मोबाइल नंबर पर संदेश मिलते ही यह सभी महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी,जिसके बाद यह आस पड़ोस की महिलाओं को लाडली बहना की 1500 रूपए की राशि मिलने की बात एक-दूसरे को खुशी-खुशी बताते दिखाई दी ।

## विभाग के अधिकारियों के बरती कोताही

यह अलग बात है कि महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अति महत्वाकांक्षी योजना के इस शासकीय कार्यक्रम का पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्यक्रम आयोजित तक नहीं किया,जिससे जिले की महिलाएं तथा संगठन के नेता कार्यकर्ता,आम मतदाता प्रदेश के मुखिया डॉं.मोहन यादव के भिंड के लहार में आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसार तक नहीं देख पाए,वहीं इस योजना का प्रचार प्रसार कराने में भी जिले के अधिकारी कोताही बरतते नजर आए।

## जिलेवासी हुए मायूस

जब कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉं मोहन यादव इस लाडली बहना योजना के साथ ही प्रदेशवासियों के लिए कई अन्य प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में विस्तार से जानकारी लहार के कार्यक्रम के माध्यम से देते रहें,लेकिन जिले के जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की लापरवाही तथा सुस्त कार्यप्रणाली के चलते जिलेवासी मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुनने तथा देखने से वंचित रह गए।

## आबकारी की दबिश, 2000 किलो महुआ लाहन नष्ट एवं 60 लीटर कच्ची शराब जब्त



**नवभारत न्यूज, सौसर 13 जुलाई –** अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कडी में सोमवार को आबकारी वृत्त सौसर द्वारा ग्राम गाजनडोह एवं सिल्लोरा में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान नालों एवं जंगल में झाड़ियों के पास हाथ भट्टी महुआ शराब बनाने के लिए पन्नियों एवं ड्रमों में एकत्रित लगभग 2000 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई।कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई में वृत्त प्रभारी कु. भारती गौंड एवं आरक्षक जितेंद्र धुर्वे तथा भावना हेड़ाऊ उपस्थित रहे।

# उपलब्धि
# पदोन्नत होकर प्रधान आरक्षक बनें अशोक हरसुले एवं गजेंद्र रघुवंशी,बधाई देंने लगा ताता

## जिले के 13 आरक्षक पदोन्नत होकर बने प्रधान आरक्षक



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,13 जुलाई,** मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के अंतर्गत जारी निर्देशों के परिपालन में पांढुरना जिले के 13 आरक्षकों को पदोन्नत कर इन्हें प्रधान आरक्षक बनाने के जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाश परिहार द्वारा आदेश जारी किए गए,इनमें से पांढुरना पुलिस थाने के दो पदोन्नत प्रधान आरक्षक अशोक हरसुले तथा गजेन्द्र रघुवंशी का आज सोमवार को एसडीओपी बृजेश भार्गव तथा थाना प्रभारी द्वारा प्रधान आरक्षक का फिता लगाया । विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 30 जुन 2026 के माध्यम से मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के अंतर्गत पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ करने के संबंध में विधिक परामर्श अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

इसी आदेश के परिपालन में पांढुरना जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार द्वारा बीते 11 जुलाई 2026 जिले के 13 लोक सेवकों (आरक्षकों ) को प्रधान आरक्षक के उच्च पद पर पदोन्नत कर प्रधान आरक्षक के रूप में तैनात करने के आदेश जारी किए गए ।

पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के पुलिस थाने में पदस्थ आरक्षक अशोक हरसुले तथा गजेंद्र रघुवंशी के पदोन्नत होकर प्रधान आरक्षक बनने पर आज सोमवार को स्थानीय एसडीओपी कार्यालय में एक सादा किन्तु गरीमामयी कार्यक्रम आयोजित कर इन उक्त दोनों पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को एसडीओपी बृजेश भार्गव तथा थाना प्रभारी द्वारा फिता लगाते हुए प्रधान आरक्षक नियुक्ति किया है,वर्तमान में यह दोनों ही पांढुरना पुलिस थाने में ही प्रधान आरक्षक की सेवाएं देंगे। वहीं इस कार्यक्रम के बाद से इनके सहपाठी साथियों परिचित लोगों द्वारा इन्हें बंधाईयां देंने ताता लगा हुआ है।

### इनका कहना है



*मेरी इस सफलता का श्रेय मेरे माता पिता के आर्शीवाद, उनके त्याग और मेरे परिवार के अटूट विश्वास को जाता है। यह सम्मान मुझे और अधिक ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की प्रेरणा देता रहेगा।*

***अशोक हरसुले***

## नवनिर्वाचित विधायक डॉ पोतदार ने जामसांवली धाम में किये दर्शन



**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 13 जूलाई–** रविवार को महाराष्ट्र विधान परिषद के नव निर्वाचित विधायक डॉ राजीव पोतदार ने अपने निर्वाचन के बाद प्रथम बार प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम पहुचकर भगवान श्री हनुमान की विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। मंदिर की दिव्यता और व्यवस्थाओं से प्रभावित होकर उन्होने कहा कि, हनुमान लोक जामसांवली धाम केवल एक मंदिर नही बल्कि करोडे श्रद्धालुओं की आस्था और विष्वास का दिव्य केन्द्र है। आध्यात्मिक वातावरण, अनुषासित व्यवस्था, सेवा भावना श्रद्धालुओं को आत्मिक षांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। अवसर पर हनुमान मंदिर संस्थान ट्रस्टी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने षॉल ओढाकर एवं जामसांवली सरकार की दिव्य प्रतिकृति भेट कर नागरिक अभिनंद किया. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, रामराव मोवाडे, रामकृष्णा वाकोडे, इंदरचंद्र डागा, राहुल मोहोड, प्रवीण सेलुकर, सुनील गुहे, नामदेव ईवनाती, दिनेष भलावी सहित ट्रस्टी उपस्थित थे।